फैसल 20/11/25 स्वीकार

FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी **मुकाम** बाप (फलोदी)

तहसीलदार बाप **बनाम** गोरधन राम वगैरह

किस्म मुकदमा 131,132 व 136 एल.आर एक्ट **मु.नं.** 350/2025 **सन्**..................

तारीख हुक्म	**हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज**	**नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए**
20-11-2025	तहसीलदार बाप के द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,132 व 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 60एच राजस्थान भू–राजस्व नियम 1957 के तहत पेश कर निवेदन किया गया है कि ग्राम शिवनगर के खसरा नम्बर 1204 में परिशिष्ट के अनुरूप वर्तमान में रास्ते के उपयोग की भूमि 0.0975 हैक्टेयर गै.मु. रास्ता घोषित करवाकर राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद करवाने एवं नक्शे में तरमीम के आदेश करवावें। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रस्ताव के साथ तहसीलदार बाप, भू.अ. निरीक्षक व हल्का पटवारी की रिपोर्ट, नजरी नक्शा, जमाबंदी, खातेदारों की सहमति के आधार पर उक्त प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है। विस्तृत आदेश पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। Satya.. सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप (फलोदी)	